## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 04.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में सभी 48 नगर निकायों के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त, आखिरी दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र, कल होगी स्क्रूटनी।**
2. **धनबाद में झामुमो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की उठी मांग।**
3. **राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात, चांसलर पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को दूर करने का आग्रह।**
4. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 फरवरी को सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के जरिए छात्रों से करेंगे संवाद, झारखंड के विद्यार्थियों में खासा उत्साह।**
5. **46वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, 4 स्वर्ण समेत कुल 8 पदकों पर जमाया कब्जा।**

****************

राज्य के सभी 48 नगर निकायों में नामांकन की प्रक्रिया आज संपन्न हो गई। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। अंतिम दिन मेयर, अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए उम्मीदवारों ने भारी उत्साह के साथ पर्चे भरे। खूंटी नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित रानी टूटी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। मौके पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने उनकी जीत का दावा किया।

इधर, कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की ने दावा किया है कि पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जनता का अपार समर्थन मिलेगा।

****************

उधर, पाकुड़ नगर परिषद चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सरगर्मी तेज रही। कुल 49 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 6 और वार्ड पार्षद के लिए 43 उम्मीदवार शामिल हैं। धनबाद नगर निगम चुनाव के लिए भी अंतिम दिन मेयर पद के लिए 15 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे, जिनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। जिन प्रमुख प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं उनमें झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिह, भाजपा समर्थित संजीव अग्रवाल और मुकेश पांडेय शामिल हैं।

****************

धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। इस भव्य आयोजन के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की पुरजोर मांग उठाई। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने निजी कंपनियों को 75 प्रतिशत स्थानीय कोटा अनिवार्य रूप से लागू करने की चेतावनी दी। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचने का निर्देश दिया।

****************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर चांसलर पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत ए.के. सिंह कॉलेज के छात्रों को हो रही रजिस्ट्रेशन और शैक्षणिक परेशानियों के समाधान के लिए हस्तक्षेप की मांग की।

****************

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में घोषणा की कि सरकार मार्च 2026 तक भारत को नक्सलवाद मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नक्सली हिंसा में 88 प्रतिशत की कमी आई है और प्रभावित जिले 126 से घटकर अब केवल 8 रह गए हैं।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 फरवरी को सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के जरिए छात्रों से संवाद करेंगे। हजारीबाग के छात्रों में इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है, क्योंकि वे पीएम से परीक्षा के तनाव को दूर करने के सफलता के मंत्र से सीखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों में भी इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। उनका कहना है कि यह कार्यक्रम न केवल मानसिक मजबूती और तनाव प्रबंधन सिखाता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।

****************

सरायकेला–खरसावां में देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह आरएसबी ग्रुप ने विश्व कैंसर दिवस पर एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट की शुरुआत की है। समूह के एमडी एसके बेहरा और प्रियंका बेहरा ने इसका उद्घाटन किया। श्री बेहरा ने बताया कि यह चलता–फिरता अस्पताल मैमोग्राफी और सर्वाइकल कैंसर जांच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर तक पहुंचकर निःशुल्क जांच करेगा।

****************

राज्य में कल मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के बावजूद कल बारिश की कोई संभावना नहीं जताई गई है। सुबह के समय कुछ इलाकों में हल्का कोहरा या धुंध छा सकती है, लेकिन दिन चढ़ने के साथ आसमान बिल्कुल साफ हो जाएगा।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए खेल को टीम वर्क और धैर्य का प्रतीक कहा। उन्होंने झारखंड की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द बढ़ाने पर जोर दिया।

****************

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक अपने नाम किए, जिसमें 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में झारखंड के वरिष्ठ एथलीट राम प्रताप मुंडा ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। वहीं, 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मुन्ना ने तीन हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

********समाप्त*********